>

Title: Need to set up a petroleum and natural gas refinery at Barmer in Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के पश्चिम भू भाग पर पेट्रोल एवं गैस के विशाल भंडार मिले हैं। पहले 36 बिलियन बैरल या 480 मिलियन टन खनिज तेल के भंडार का अनुमान लगाया गया था । नवीनतम आंकलन हमारे राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री जी ने आवश्यक सुविधा एवं अन्य रियायतों को देने का आश्वासन केन्द्र सरकार को दिया एवं कई बार केन्द्रीय मंत्री जी से मिलकर बाड़मेर में रिफाईनरी स्थापित करने का अनुरोध भी किया है। माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से केन्द्र सरकार ने पूर्व केन्द्रीय पेट्रोलियम सचिव के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ दल का गठन किया। इन्होंने भी बाड़मेर में प्रथम चरण में 4.5 से 6 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाली रिफाईनरी को स्थापित करने की अनुसंशा की है। माननीय प्रधानमंत्री ने बाड़मेर के दौरे के समय रिफाईनरी स्थापित करने के कार्य को औचित्यपूर्ण बताया था। परंतु इस दिशा में अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बाड़मेर में देश के पेट्रोलियम एवं गैस के विशाल भंडार होने एवं 2009 से बाड़मेर में हो रहे कुल देश का 23 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन के आधार पर बाड़मेर में तत्काल एक रिफाईनरी स्थापित करने के लिए शिलान्यास किया जाना चाहिए।